**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 22 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा - सरकार देश की सीमाओं को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जापान के निवेशकों को हरियाणा में निवेश का निमंत्रण दिया।

3. सर्वोच्च न्यायालय पहली जुलाई से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने वाली नई सीबीएसई नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई अगले सप्ताह करेगा।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

5. गुरुग्राम की स्पेशल टास्क फोर्स ने भिवानी में छापेमारी कर एक व्यक्ति से 8 किलोग्राम 940 ग्राम हेरोइन बरामद की।

**************************************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश की सीमाओं को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी। नई दिल्ली में आज सीमा सुरक्षा बल- बीएसएफ के अलंकरण समारोह में श्री शाह ने कहा कि इस परियोजना में ड्रोन, रडार, कैमरे और अन्य तकनीकी संसाधन शामिल होंगे।

**आने वाले एक साल के अंदर ही स्मार्ट बॉर्डर कॉन्सेप्ट के साथ सीमा सुरक्षा बल की सुरक्षा में सभी प्रकार की तकनीक को लैस करके एक अभेद बॉर्डर की हम सुरक्षा की ग्रिड बनाने का काम आगे बढ़ रहा है और बहुत कम समय में गृह मंत्रालय, ड्रोन, रडार, आधुनिक कैमराज़ और बाकी सारी तकनीक के साथ एक स्मार्ट बॉर्डर के प्रोजेक्ट को लेकर देश के सामने आएगा।**

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि घुसपैठ पर रोक लगाकर प्रत्येक घुसपैठियों को देश से बाहर किया जाएगा।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत और जापान के बीच वर्षों से मजबूत राजनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी रही है। अगली पीढ़ी का औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करने के लिए जापान के साथ मिलकर लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएँ बन सकती है जिससे बेहतर, हरित ओर समृद्ध भविष्य का निर्माण होगा।
मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली में आयोजित इंडो-जापान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

श्री नायब सिंह सैनी ने सम्मेलन में पहुंचे जापान के निवेशकों को हरियाणा के साथ भागीदारी करने का निमंत्रण देते हुए कहा कि देश की विभिन्न प्रमुख विकास परियोजनाओ में जापान की उन्नत तकनीक और सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत-जापान साझेदारी का सबसे जीवंत और सफल मॉडल किसी राज्य में दिखाई देता है, तो वह हरियाणा है, जहां जापानी निवेश, औद्योगिक विकास और तकनीकी सहयोग ने विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि यह भागीदारी नवाचार, निर्माण प्रौद्योगिकी, स्थिरता व भविष्य के लिए होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और आधुनिक आधारभूत ढांचा उपलब्ध है।

*******************************************************************

सर्वोच्च न्यायालय पहली जुलाई से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने वाली केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की नई नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह जनहित याचिका छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा दायर की गई है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी एक हालिया परिपत्र के अनुसार तीन भाषाओं में से कम से कम दो भाषाएँ भारतीय मूल की होनी चाहिए। बोर्ड ने कहा कि यह कदम अपनी अध्ययन योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा रूपरेखा 2023 के अनुरूप बनाने का हिस्सा है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि तीसरी भाषा के लिए कक्षा 10 की कोई बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

*******************************************************************

गुरुग्राम की स्पेशल टास्क फोर्स की यूनिट ने भिवानी में छापेमारी कर रोहित नाम के एक व्यक्ति से 8 किलोग्राम 940 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद की गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 36 करोड़ रुपये आंकी गई है।

एसटीएफ अधिकारी प्रीतपाल सांगवान ने एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए दावा किया कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार यह राज्य के इतिहास में अब तक की नशीले पदार्थों

की दूसरी सबसे बड़ी रिकवरी है। उन्होंने बताया कि खुफिया सूत्रों से पुख्ता जानकारी मिलने के बाद भिवानी में आरोपी के घर छापेमारी कर यह मादक पदार्थ बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस नशा तस्करी के धंधे में आरोपी रोहित का सगा भाई भी संलिप्त है। पुलिस जांच के अनुसार, रोहित का भाई पहले से ही नशा तस्करी के मामलों में पंजाब पुलिस की वांछित सूची में शामिल है और अदालत द्वारा उसे भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। उसके खिलाफ पंजाब में एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर मामले दर्ज हैं।

पुलिस को अंदेशा है कि इस रैकेट में कई अन्य स्थानीय डीलर, करियर और बड़े फाइनांसर भी शामिल हो सकते हैं, जो पर्दे के पीछे रहकर इस अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट को चल रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े कुछ और बड़े चेहरों को बेनकाब कर गिरफ्तार किया जाएगा।

****************************************************************

हरियाणा पशुधन व डेयरी विभाग द्वारा पशुधन को भीषण गर्मी और लू से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। हरियाणा पशुधन  व डेयरी विभाग  के निदेशक डॉ प्रेम सिंह ने हमारी संवाददाता को बताया कि विभाग के सभी अधिकारियों को पशुपालकों को लू से बचाने के उपायों के प्रति जागरूक करने की हिदायत की गई है।

डॉ प्रेम सिंह ने मवेशियों को सुबह के समय नहलाने की सलाह भी दी है।

****************************************************************

स्वास्थ्य विभाग ने हरियाणा के विभिन्न जिलों में पढ़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर आमजन को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। हमारे जींद संवाददाता को नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. सुमन कोहली ने जींद जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वरा उठाए एहतियाती कदमों की जानकारी दी।

****************************************************************